| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | अहकाम ... हुक्म की ता... में जारी हु... |
|---|---|---|

15/7/19

पत्रावली पेश हुई। उभय पक्ष में से स्वयं अपीलांटगण 1 से 3 तथा रेस्पोन्डेंट सं० 1, 9, 10, 12, 13, 14, 18/2, 18/4, 18/5, 19/1 तथा 19/2 उपस्थित हैं। अपीलांटगण की शिनाख्त इनके वकील श्री सुनील कु० मेहरानी ने की साथ ही I.D से भी शिनाख्त पुख्ता की गई। इसी तरह उपस्थित स्वयं रेस्पोन्डेंट्स की पुख्ता पहचान उनके द्वारा प्रस्तुत I.D proof, जिनका विवरण संलग्न प्रस्तुत राजीनामा की तस्दीक तहरीर पर स्पष्ट किया गया है, से कर ली गई है। उभय पक्ष द्वारा, उक्त राजीनामा अपीलांटगण की ओर से प्रस्तुत हुआ, इसे अपने हस्ताक्षर/अंगुष्ठ निशानात करके निष्पादित किया गया है जिसे बाकायदा तस्दीक/सत्यापित किया जाकर उस पर पुनः हस्ताक्षर/अंगुष्ठ निशानात बाद मजमून सोच समझ सही होना अंगीकार करके मेरे समक्ष किये।

राजीनामा इस प्रकार है –" यह राजीनामा दोनो पक्षों ने लोक अदालत की पावन भावना से प्रेरित होकर अपने मध्य के विवादों का निस्तारण करने हेतु मौजीज व्यक्तियों की समझाईश से अपना हित-अहित सोच समझ कर बिना किसी बेजा दबाव व बिना किसी असम्यक असर के तन्दुरुस्ती की स्थिति में होश हवास कर अपने हस्ताक्षर/अंगुष्ठ निशान कर निष्पादित कर दिया है।

इस राजीनामा के बिंदु 3 व 4 महत्वपूर्ण एवं विवाद शमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बिंदु सं.3 –" अपीलांट मौजा मोखण्डी के खेत ख.नं. 198/157 रकबा 6.03 बीघा के मध्य में कुल रकबे के ½-½ भाग करते हुए 7 (सात) बिस्वा भूमि रास्ता में राज्य सरकार के नाम दर्ज करवाने पर सहमत हैं, जिसमें ख.नं. 198/157 में संलग्न नक्शा अनुसार दो भाग 2-18 बीघा, 2-18 बीघा एवं इनके मध्य 7 बिस्वा भू० कुल रास्ता दर्ज करवाने पर दोनो पक्षकार सहमत हैं; इसलिए इसी अनुसार रास्ता दर्ज करावें।"
बिंदु सं. 4 –" उक्त रास्ते का अपीलांट व उत्तरदाता दोनो आवागमन के लिए उपयोग कर सकेंगे, साथ ही इस रास्ते बाबत अब अपीलांट ने उत्तरदाता से कोई रकम प्राप्त नहीं कर जनहित में रास्ता समर्पित किया है. जिससे दोनो पक्षकार सहमत हैं;"

P.T.O

Left margin:
अपीलांट पक्ष
(signature)
सुरेन्द्र
अ.नि. सुखीदेवी
(signature)
(वकील अपीलांट)

राजस्व अपील अधिकारी बाड़मेर (seal)

(signature)
राजस्व अपील प्राधिकारी
बाड़मेर

Right margin:
रेस्पोन्डेंट पक्ष
(1) केसाराम
(9) रामरतन
(10) ...
(12) ...
(13) ...
(14) ... अ.नि. अंवर...
(18/2) खेमाराम
(18/4) मालाराम
(18/5) दिनेश
(19/1) सीताराम
(19/2) मोटाराम

Scanned by CamScanner

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व अहकाम हुक्म की तामील में ज |
|---|---|---|
| | प्रस्तुत राजीनामा स्वीकार किया जाता है। राजीनामा के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार कर अपीलाधीन आदेश दि० 17-5-2019 में आंशिक संशोधन करते हुए निम्नलिखित समुचित आदेश दिये जाते हैं कि " मौजा मौखण्डी के ख० नं० 198/157 रकबा 6-03 बीघा में से 12 फीट चौड़ाई का रास्ता रकबा 07 (सात) बिस्वा प्रस्तुत राजीनामा दि० 15/7/19 मुताबिक और उसके संलग्न नजरी नक्शा में इंगित A से B बरंग लाल उक्त खसरे को दो बराबर-2 भागों में (प्रत्येक भाग का रकबा 2.18 बीघा रखते हुए) विभक्त करते बीचोबीच प्रदान किया जाता है। तहसीलदार समदड़ी तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड में राज्य सरकार के हक में गै० मु० रास्ता का अमल दरामद कर अभिलेख की नकलों सहित पालना प्रेषित करे।" पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। | |

(Seal: राजस्व अपील अधिकारी, बाड़मेर)

(Signature)
राजस्व अपील प्राधिकारी
बाड़मेर

Scanned by CamScanner

सेवामें,

श्रीमान राजस्व अपील अधिकारी

बाड़मेर

अपीलांटगण

बनाम

उतरदातागण

धमेन्द्र वगैरा

केसाराम वगैरा

रा.अ.सं. : 29/2019

## राजीनामा

राजीनामा हम अपीलांट धर्मेन्द्र, सुरेश उर्फ सुरेन्द्र कुमार पिसरान अमराराम, चुकी देवी पत्नि अमराराम जातियान मेघवाल निवासी समदड़ी हाल मोखण्डी तहसील समदड़ी जिला बाड़मेर व उतरदाता केसाराम पुत्र देवाराम, रामचन्द्र पुत्र कोलाराम, शेषाराम पुत्र मिसराराम, भूराराम पुत्र किशनाराम, सोनाराम, भंवरलाल सेसाराम पिसरान उमाराम, चम्पालाल, मालाराम, दिनेश पिसरान पूनमाराम जीताराम, मोटाराम पिसरान कानाराम जातियान मेघवाल निवासीयान राणी देशीपुरा तहसील समदड़ी जिला बाड़मेर निम्न प्रकार से निष्पादित करते हैं कि :-

1. कि अपीलांट की खातेदारी भूमि मौजा मोखण्डी, पटवार हल्का राणी देशीपुरा, तहसील समदड़ी जिला बाड़मेर में खेत खसरा नम्बर 198/157 रकबा 6.03 बीघा भूमि का अवस्थित हैं एवं उतरदातागण की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 176 रकबा 138.08 बीघा में जाने हेतु 12 फीट चौड़ाई का रास्ता पाने हेतु राजस्व आवेदन संख्या 7/19 श्रीमान एस.डी.ओ. साहब सिवाना में पेश किया, जिसमें दिनांक 17.05.2019 को रास्ता प्रदान करने का आदेश श्रीमान एस.डी.ओ. सिवाना ने पारित किया, जिसके विरूद्ध अपीलांट द्वारा यह अपील श्रीमान के समक्ष प्रस्तुत की गई हैं।

धर्मेन्द्र सुरेन्द्र जीताराम रामचेन्द्र

2. कि अपील विचाराधीन रहने के दौरान अपीलांट व उतरदाता के मध्य मौजीज व्यक्तियों द्वारा समझाईश कर एवं अपीलांट के पिता/पति अमराराम द्वारा रास्ता देने का कथन करने के तथ्यों को ध्यान में रखकर अपीलांट ने उतरदातागण को उनके द्वारा बार-बार किये निवेदन को ध्यान में रखते हुए रास्ता देना तय किया हैं।

3. कि अपीलांट के मौजा मोखण्डी पटवार हल्का राणी देशीपुरा के खेत खसरा नम्बर 198/157 रकबा 6.03 बीघा के मध्य में मूल खसरे के 1/2 – 1/2 भाग करते हुए 7 बिस्वा भूमि रास्ता में राज्य सरकार के नाम दर्ज करवाने पर सहमत होकर संलग्न पेश नक्शा में मार्क ए से बी भाग रास्ता हेतु सहमत हैं, जिसमें खसरा नम्बर 198/157 में संलग्न नक्शा अनुसार दो भाग 2.18 – 2.18 बीघा एवं इनके मध्य 7 बिस्वा गै.मु. रास्ता दर्ज करवाने पर दोनों पक्षकार सहमत हैं, इसलिये इसी अनुसार रास्ता दर्ज करावें।

4. कि उक्त रास्ते का अपीलांट व उतरदाता दोनों आवागमन के लिए उपयोग कर सकेगें, साथ ही इस रास्ते बाबत अब अपीलांट ने उतरदाता से कोई रकम प्राप्त नहीं कर जनहित में रास्ता समर्पित किया हैं, जिससे दोनों पक्षकार सहमत हैं।

लिहाजा यह राजीनामा दोनों पक्षो ने लोक अदालत की पावन भावना से प्रेरित होकर अपने मध्य के विवादों का निस्तारण करने हेतु मौजीज व्यक्तियों की समझाईश से अपना हित-अहित सोच समझ कर बिना किसी बेजा दबाव व बिना किसी असम्यक असर के तन्दुरस्ती की स्थिति में पढ सुन समझ कर अपने हस्ताक्षर / अंगुष्ठ निशान कर निष्पादित कर दिया हैं।

इति दिनांक : 15.07.2019

अपीलांट सं 01 से 03 और उनके अधिवक्ता द्वारा आज राजीनामा प्रस्तुत किया जिनके साथ हस्ताक्षर नमूना हस्ताक्षर कराये अपीलांट पक्ष की शिनाख्त एवं उपस्थिति तथा राजीनामा संबंधी तथ्यों की पुष्टि कर बाद हस्ताक्षर करवाये किये।

रेस्पोंडेंट पक्ष मे से रेस्पोंडेंट सं 01, 9, 10, 12, 13, 14, 18/2, 18/4, 18/5, 19/1, 19/2 मय ADHAAR No क्रमश 7839 2220 8316, 5184 6998 5294, 6272 1021 7355, 8711 2868 8825, [EPIC YGI/0170019] 5719 0141 8784; EPIC RJ/23/175/423553 DL- RJ/04A/DLC 09/18319 5/6/2000 Date 7650 9822 3539. ड्राइविंग लाइसेंस 3895 6358 3748, 2937 0127 1309, 2026 1892 8287 जिनकी I.D से शिनाख्त पुख्ता कर तस्दीक किया गया। राजीनामा का मजमून पढ़कर सुनाया गया सही होना स्वीकार कर हस्ताक्षर किये। सहमति एवं राजीनामा तस्दीक बाबत हस्ताक्षर किये xd

राजस्व अपील अधिकारी बाड़मेर

केसाराम
जीताराम
भेराराम
रामचन्द्र
धर्मेन्द्र
सुरेन्द्र
शोभाराम
सुमी देवी
भूराराम
सोनाराम
भंवरलाल
चम्पालाल
मालाराम
दिनेश

R.O & AC
15/7/19
राजस्व अपील प्राधिकारी
बाड़मेर

Scanned by CamScanner


## नजरी नक्शा

मौजा :- मोखण्डी व राणदिशीपुरा
तहसील :- समदड़ी,

उभय पक्ष के मध्य आपसी समझाइश से आपसी राजीनामा रास्ता दिये जाने बाबत सहमति बनी जो इस नजरी नक्शे के अनुरूप दिया जाना निश्चित किया गया। सभी पक्षकारों की उपस्थिति एवं शिनाख्त तस्दीक कर हस्ताक्षर सहमति स्वरूप करवाये जाकर तस्दीक किये गए। बाद शिनाख्त नजरी नक्शा शामिल मिसल किया।

समदड़ी  ह. 15/3/19

राजस्व अपील प्राधिकारी
बाड़मेर




कमेश
किशोरम
अ.नि. पेमाराम

जीतापाम
रामचन्द्र
चम्पालाल
कानाराम

नोट :- उक्त नजरी नक्शा सहमति राजीनामा का भाग है।

अ.नि. भूराराम
अ.नि. सोनाराम
मोटाराम
अ.नि. गवरलाल
प्रकाराम
तुलसाराम
मालाराम

सकेंत :-
A ——— B :- 'A' से 'B' रास्ता रकबा 7 बिस्वा, जिसमें इस रास्ते के खसरा नं :- 198/157 मे दो भाग रास्ते के उतरी व दक्षिणी ओर रकबा 2.18 - 2.18 बीघा जमीन रहेगी।

धर्मेन्द्र ✓
सुरेन्द्र ✓
अ.नि. चुकीदेवी
पहचानकर्ता [illegible]
(ADHAR)
3799 0970 1278
पेज सं :- 3

Scanned by CamScanner